# निर्णय वइजलास श्री रामसिंह गुर्जर आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी छबडा जिला बारां द्वारा अध्यासित

प्रकरण संख्या 30 / 2024
दायरा दिनांकः–15.07.2024
निर्णय दिनांकः– 11.12.24

## उनवान

प्रधानाचार्च राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुगोर तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

बनाम

1. राजस्थान सरकार जरियें तहसीलदार साहब तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
2. सरपंच साहब ग्राम पंचायत गुगोर पंचायत समिति छबडा जिला बारां (राज0)
3. सचिव ग्राम पंचायत गुगोर पंचायत समिति छबडा जिला बारां (राज0)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर एक्ट

निर्णय दिनांकः– 11.12.24

अभिभाषक वादी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा,136 एल0आर0एक्ट0 विरूद्ध प्रतिवादीगण के न्यायालय मे इस अशय का पेश किया गया कि वाके माल गुगोर पटवार मण्डल गुगोर तहसील छबड़ा जिला बारा राजस्थान मे जमाबंदी 2079 (वर्ष 2023) से स्थायी मे खाता संख्या 372 मे खसरा नम्बर 59/3 रकबा 1.2646 हैक्टयर किस्म गैर मुमकिन स्कूल राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय गूगोर खेल मैदान हिस्सा पूर्व संस्था के लिए दर्ज रिकार्ड जमाबंदी चला आ रहा है। प्रार्थना पत्र की मद नम्बर 1 में वर्णित आराजी राज० उच्च प्राथमिक विधालय गुगोर खेल मेदान के लिए आदेश कमांक एक 4(5) राजस्व/2001/5713–20 दिनांक 09/11/2001 से आवंटन हुई थी तब से ही उक्त खेल मेदान की आराजी पर प्रार्थी विधालय के बालक बालिकाओ के खेल हेतु निर्वाध रूप से उपयोग उपभोग करता चला आ रहा है। प्रार्थना पत्र की मट नम्बर 1 में वर्णित आराजी खेल मेदान पर विकास कार्य करवाने हेतु प्रार्थी ने दिनांक 09/07/2024 को राजस्व टीम से उक्त आराजी का सीमाज्ञान करवाया एंव राजस्व टीम ने बताया कि उक्त आराजी ग्राम गुगोर से मूण्डला रोड़ के दोनो तरफ है जबकि प्रार्थी उक्त आराजी का उपयोग उपभोग आवंटन के समय से गूगोर मूण्डला रोड़ के पूर्व दिशा की ओर ही करता चला आ रहा है। प्रार्थना पत्र की मद नम्बर 1 में वर्णित आराजी (खेल मेदान) का आवंटन के वाद नक्शा लट्ठा मे राजस्व कर्मचारियो के सहवन से गलत स्थान पर तरमीम हो गयी है जिसे शुद्ध किया जाना आवश्यक है। प्रार्थना पत्र की



उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

मद नम्बर 1 में वर्णित आराजी के पास मे चारागाह होने से अप्रार्थी कम 2 एंव 3 को प्रार्थना पत्र मे पक्षकार बनाया गया है। प्रार्थना पत्र की मद नम्बर 1 में वर्णित आराजी (खेल मैदान) ग्राम गूगोर तहसील छबड़ा में स्थित होने से श्रीमान के क्षेत्राधिकार एव श्रवणाधिकार मे है।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जर्ये सम्मन तलब किया गया। प्रार्थी द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में नकल जमाबन्दी ग्राम गुगोर सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 372 फोटो प्रति मौका रिपोर्ट दिनांक 09.07.2024 फोटो प्रति आवटंन आदेश श्रीमान जिला कलक्टर महोदय बारां दिनांक 09.11.2001 पेश किया गया।

बहस सूनी गई बहस के दौरान बताया कि खसरा नम्बर 59/3 रकबा 1.2646 है0 गैर मुमकिन स्कूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुगोर खेल मैदान हिस्सा पूर्ण संस्था के लिए दर्ज रिकार्ड चला आ रहा है। उक्त भूमि खेल मैदान के लिए आदेश क्रमांक एफ 4(5)राजस्व/2001/5713–20 दिनांक 09.11.2001 से आवटंन हुई थी तब से मेला मैदान की आराजी पर विद्यालय के छात्र–छात्राओ के खेलने में उपयोग करता चल आ रहा है आवटित भूमि की पैमाईश टीम द्वारा करवाई गई राजस्व टीम में भूमि मूण्डला रोड के दोनो तरफ बताई परन्तु भूमि का उपयोग मूण्डला रोड के पूर्व दिशा की ओर किया जा रहा है खेल मैदान की भूमि आवटंन के बाद नक्शा लट्टा में सहवन से गलत स्थान पर तरमीम हो गयी है जिसे दुरूस्त किया जाना आवश्यक है प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावें।

बहस प्रार्थी सुनी गई। पत्रावली एवं रिकार्ड का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत नकल जमाबन्दी ग्राम गुगोर तहसील छबडा सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 372 में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुगोर खेल मैदान का नाम दर्ज होना पाया जाता है मौका रिपोर्ट दिनांक 09.07.2024 के अनुसार राजस्व टीम द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुगोर के खेल मैदान की भूमि का सीमाज्ञान मौके पर जरीव चलाकर खेल मैदान की भूमि का सीमाज्ञान किया गया मौके पर खेल मैदान की भूमि मूण्डला रोड के दोनो तरफ आयी जबकि पूर्व खेल मैदान रोड के पूर्वी ओर स्थित है जिस पर बालक बालिकायें खेलती है एवं पश्चिमी दिशा की ओर कुछ व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ है मौके पर उपस्थित स्कूल स्टाफ द्वारा बताया कि जो पूर्व से खेल मैदान है उसी में हमारी तरमीम नक्शे में की जावें इस सम्बन्ध में तहसीलदार छबडा से रिपोर्ट ली गई। मुताबिक रिपोर्ट गुगोर के खसरा नम्बर 59/3 रकबा 1.2646 है0 भूमि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुगोर खेल मैदान के नाम दर्ज रिकार्ड है वर्तमान में जहां पर बालक बालिकाएं खेलतें है वहां पर अतिक्रमण नही है खेल मैदान की जगह पर DILRMP योजना अन्तर्गत तरमीम की गई। तो खेल मौदान का सीमाज्ञाान किया गया तो खेल मौदान की तरमीम अन्य जगह हो गई तरमीम शुद्ध खेल मैदान बल्हारपुर गुगोर रोड की जगह से दो भागों में विभाक्त हो गया रिपोर्ट हल्का पटवारी अनुसार नजरी नक्शे अनुसार तरमीम किया जाना उचित होना बताया है।

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

उक्त अवलोकन से स्पष्ट है कि जिला कलेक्टर द्वारा विद्यालय के खेल मैदान हेतु आवंटित भूमि की D/LRMP योजना अन्तर्गत तरमीम गलत होने से खेल मैदान हेतु आवंटित भूमि रोड के दोनो तरफ हो गई है तथा खेल मैदान के बीचों बीच रोड आ गई है। तहसीलदार छबडा की रिपोर्ट के अनुसार आवंटित भूमि की तरमीम बल्हारपुर– गुगोर रोड के पश्चिम दिशा (सलंग्न नजरी नक्शा) करने की अनुशंषा की गई है ताकि राजस्व रिकार्ड में हुई त्रुटि सुधार कर तरमीम दुरूस्त की जा सकें अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एलआर एक्ट स्वीकार किया जाना न्यायोचित है।

## :: क्रियात्मक आदेश ::

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है विवादित आराजी वाके ग्राम गुगोर तहसील छबडा के खसरा नम्बर 59/3 रकबा 1.2646 है0 खेल मैदान की भूमि गुगोर मूण्डला सडक के पश्चिम दिशा (सलंग्न नजरी नक्शानुसार) तरमीम करने के आदेश तहसीलदार छबडा को दिये जातें है।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(रामसिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी छबडा



---2